# नेहरू युवा केन्द्र संगठन
## Nehru Yuva Kendra Sangathan

Nehru Yuva Kendra Sangathan
नेहरु युवा केन्द्र संगठन
साथ साथ कल की ओर...

स्वायत्तशासी संस्था
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
भारत सरकार

*an Autonomous Body under the Ministry of Youth Affairs & Sports Government of India*

आज़ादी का अमृत महोत्सव


पत्रांकः नेयुकेसं / कार्यः आई.डी.सी.–2024 / 2024–25 / 20

दिनांक 19 जुलाई, 2024

सेवा में,

**समस्त राज्य निदेशक**
नेहरू युवा केन्द्र संगठन

**विषयः स्वतंत्रता दिवस समारोह 2024 में भाग लेने के लिए युवा प्रतिभागियों का चयन / नामांकन के संबंध में।**

महोदया / महोदय,

युवा कार्यक्रम विभाग, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के माई भारत अनुभाग द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह, 2024 के पत्र पत्रांक संख्या J–17011 / 442 / 2024– MY Bharat दिनांक 12 जुलाई, 2024 का संदर्भ ग्रहण करें।

2. उपरोक्त पत्र के माध्यम से, युवा कार्यक्रम विभाग के माई भारत अनुभाग ने सूचित किया है कि माई भारत पोर्टल के कुछ युवा लाभार्थियों को स्वतंत्रता दिवस समारोह, 2024 को देखने का अवसर दिया जाएगा।

3. इस संबंध में, समस्त राज्य निदेशकों से अनुरोध है कि वे उन युवाओं का चयन / नामांकन करें जिन्होंने ने.यु.के.सं. द्वारा माई भारत पोर्टल पर पोस्ट किए गए कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लिया है और जिन्होंने कार्यक्रमों की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

4. स्वतंत्रता दिवस समारोह, 2024 के लिए युवाओं के चयन के दौरान निम्नलिखित बिंदुओं को ध्यान में रखा जाना अनिवार्य है :–

I. **आयु पात्रताः** युवाओं की आयु 31 जुलाई 2024 तक **कम से कम 18 वर्ष** पूरी होनी चाहिए और **29 वर्ष से अधिक नहीं** होनी चाहिए।

II. **युवा पात्रताः युवा उस जिले का निवासी होना चाहिए, जहां माई भारत पोर्टल पर कार्यक्रम आयोजित** किया गया था। युवा मंडल का सदस्य या अन्य युवा स्वयंसेवक ने.यु.के.सं. से जुड़े होने चाहिए और उनके द्वारा उसमें भाग लिया होना चाहिए।

III. युवा माई भारत पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए और पोर्टल पर **पंजीकरण की तिथि 30 जून 2024 से पहले** की होनी चाहिए।

IV. चयनित युवाओं की नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा माई भारत पोर्टल पर पोस्ट की गई गतिविधियों में सक्रिय रूप से प्रतिभागिता होनी चाहिए और कार्यक्रमों की सफलता हेतु महत्वपूर्ण योगदान दिया होना चाहिए।

V. चयनित युवाओं के पास अच्छा संप्रेषण कौशल होना चाहिए।

क्रमशः पृष्ठ–2


भूतल, 4 जीवन दीप भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली–110001
Ground Floor, 4 Jeevan Deep Building, Parliament Street, New Delhi-110001
Phone : 011-23442800 / 23740725
Visit us at http://www.nyks.nic.in

VI. महिलाओं का उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

VII. चयनित युवाओं के खिलाफ किसी भी न्यायालय में कोई मामला लंबित नहीं होना चाहिए और चयनित युवाओं का कोई आपराधिक रिकॉर्ड भी नहीं होना चाहिए।

VIII. प्रत्येक राज्य निदेशक को युवाओं के नामांकन के लिए राज्यवार आवंटन के अनुसार युवाओं की संख्या का नामांकन करना होगा, जोकि **अनुलग्नक–ए** के रूप में संलग्न है।

5. उपरोक्त के मद्देनजर, आपसे अनुरोध है कि नामित युवाओं की सत्यापित सूची निर्धारित प्रारूप **(अनुलग्नक–बी)** अनुसार उनके विवरण के साथ मंत्रालय को आगे प्रस्तुत करने हेतु कार्यक्रम अनुभाग की ईमेल coreprogrammenyks@gmail.com पर **दिनांक 20 जुलाई, 2024** से पहले भेजना सुनिश्चित करें।

6. अन्य विवरण बाद में प्रेषित किए जायेंगे।

7. इसे **अत्यंत महत्वपूर्ण** समझा जाए।

शुभकामनाओं सहित,

रत्यागी

**आर. एन. त्यागी**
**संयुक्त निदेशक (कार्यक्रम)**

**संलग्नः** उपरोक्त

**प्रतिलिपिः**

- निजी सचिव, महानिदेशक, ने.यु.के.सं., नई दिल्ली
- समस्त क्षेत्रीय निदेशकों को सूचनार्थ एवं अनुवर्ती कार्रवाई हेतु